# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 24.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- विश्व यक्ष्मा दिवस पर आज राज्यभर में कई जागरुकता कार्यक्रमों का होगा आयोजन, स्वास्थ्य मंत्री आज रांची में चिकित्सा अधिकारियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।
- राज्य के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके आप्त सचिव संजीव लाल की जमानत याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी अहम सुनवाई।
- पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच रांची उपायुक्त ने एलपीजी सप्लाई चेन सुरक्षित रखने के दिए निर्देश, झारखंड चैंबर के पदाधिकारियों के साथ की अहम बैठक।
- राज्य में 26 मार्च से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, मौसम विभाग ने जारी की आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी।
- राज्य के तीन वॉलीबॉल खिलाड़ियों को अंडर–14 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन का मिला इनाम, खेलो इंडिया असेसमेंट कैंप के लिए चयन।

*****************

विश्व यक्ष्मा रोग दिवस के अवसर पर आज रांची के नामकुम स्थित आईपीएच प्रेक्षागृह में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी नवनियुक्त संविदा चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर झारखंड को टीबी मुक्त बनाना है।

*****************

सुप्रीम कोर्ट आज पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके सचिव संजीव लाल की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने संजीव लाल के सहयोगी के पास से 32 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी को गंभीर मामला बताया था। ईडी ने इस मामले में पहले ही शपथ पत्र दाखिल कर दिया है।

*****************

असम विधानसभा चुनाव में झामुमो ने कांग्रेस से अलग होकर 21 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर दिये हैं। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि गठबंधन धर्म का पालन करना केवल झामुमो की जिम्मेवारी नहीं है। कांग्रेस को भी बड़ा दिल दिखाना चाहिए।

*****************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने असम विधानसभा चुनाव में झामुमो और कांग्रेस के बीच गठबंधन न होने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बिहार के बाद अब असम में भी कांग्रेस ने झामुमो को अपमानित किया है।

*****************

विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने जामताड़ा के सालुका में फ्रेश कोल्ड स्टोरेज के नए लोडिंग सीजन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र के किसान अपनी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकेंगे। इससे न केवल फसलों की बर्बादी रुकेगी, बल्कि सही समय पर बिक्री से किसानों की आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे।

*****************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसान क्रेडिट कार्ड वितरण की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी व्यक्त की है। एसएलबीसी की बैठक में उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि अब तक 25 प्रतिशत लक्ष्य भी पूरा न होना चिंताजनक है। मंत्री ने ग्रामीण बैंक शाखाओं में स्थानीय भाषा जानने वाले कर्मियों की तैनाती और पशुपालन क्षेत्र में ऋण बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

*****************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रसोई गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। चौंबर भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों को नियमित जांच और रिपोर्ट सौंपने को कहा

है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि जिला प्रशासन एलपीजी की सप्लाई चेन को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

*****************

रांची में रामनवमी को लेकर 26 से 28 मार्च तक विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। 26 मार्च शाम 4 बजे से भारी वाहनों पर रोक रहेगी, वहीं 27 मार्च को मुख्य जुलूस के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। 28 मार्च को विसर्जन तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा। नागरिक जाम से बचने के लिए डायवर्जन रूट का पालन करें।

*****************

इधर, रामनवमी को लेकर रांची नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया है। मुख्य रूप से निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में पोकलेन मशीनों के जरिए बड़े नालों की सफाई की जा रही है। नगर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे नालियों में कचरा न डालें ताकि जल–जमाव की स्थिति पैदा न हो और पर्व के दौरान स्वच्छता बनी रहे।

*****************

हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी में पंचमी के दिन सनराइज ग्रुप की झांकी ने सबका मन मोह लिया। इस बार हरियाणा के हिसार से आए कलाकारों ने विराट महाकाली का रूप धरकर हैरतअंगेज आग के करतब दिखाए। रामनवमी के इस उत्सव में महिलाओं ने भी तलवार और लाठी के साथ जमकर उत्साह दिखाया। कलाकारों ने हजारीबाग के इस अनूठे प्यार और श्रद्धा की जमकर सराहना की।

*****************

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के सिलसिले में आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। इसे लेकर राज्य भर के नदी घाटों और जलाशयों में पूजा–अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने सफाई, रोशनी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। विशेषकर चौती छठ व्रतियों के लिए प्रमुख जल निकायों पर बैरिकेडिंग और गोताखोरों की तैनाती की गई है।

*****************

राज्य में मौसम का मिजाज फिर बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, 26 मार्च से राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मेघ गर्जन के साथ बारिश के आसार हैं। वहीं 27 और 28 मार्च को तेज हवा और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि फिलहाल तापमान में 5 से 6 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी का अनुमान व्यक्त किया गया है।

*****************

झारखंड के तीन उभरते वॉलीबॉल खिलाड़ियों–हजारीबाग के माज खान, और पश्चिमी सिंहभूम के आकाश तांती और आयुष झा का चयन खेलो इंडिया असेसमेंट कैंप के लिए हुआ है। अंडर–14 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर यह चयन किया गया है। राज्य के खेल प्रेमियों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

*****************

और प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को अवार्ड मिलने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है–महिला सशक्तीकरण की पहल के लिए मिला विधायक कल्पना सोरेन को ट्रेलब्लेजर अवार्ड।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं–झामुमो–कांग्रेस की बढ़ती दूरी से निकल सकता है भाजपा का रास्ता।

हिन्दुस्तान लिखता है–लोकायुक्त व सूचना आयुक्त की नियुक्ति इसी माह होगी।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–10 करोड़ 40 लाख की हेराफेरी मामले में ईडी ने दर्ज की नई प्राथमिकी।

**********समाप्त*************